उद्योगों को प्रोत्साहन

1528. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनकी अध्यक्षता में केन्द्रीय उद्योग सलाहकार परिषद् की मई, 1971 में हुई बैठक में उद्योगों के प्रोत्साहन देने के क्या निर्णय लिये गये हैं : और

(ख) उक्त परिषद के सदस्यों के नाम क्या हैं ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) सम्भवत: आशय उद्योगों की केन्द्रीय सलाहकार परिषद की स्थाई समिति जिसकी बैठक 12 मई, 1971 को हुई थी से है। बैठक में जिन विषयों पर विचार-विमर्श किया गया वे (1) लाइसेंस नीति का सरलीकरण करने (2) औद्योगिक विकास अनुसन्धान से सम्बन्धित थे बैठक में उक्त विषयों के सम्बन्ध में सामान्य विचार विनिमय किया गया। बैठक में विचारित कुछ महत्वपूर्ण विषयों में औद्योगिक लाइसेंस देने में होने वाला विलंब कम करना सम्बन्धित प्राधिकारियों द्वारा लाइसेंस आवेदनों के विभिन्न पहलुओं का समकालिक निपटान उदाहरणार्थ पंजीगत वस्तुओं का आयात विदेशी सहयोग आदि उपयुक्त मार्गदर्शी सिद्धांतों और कसौटियों का निर्धारित करना और साथ-साथ स्वीकृति सुलभ कराने के आधार निश्चित करना, जानकारी का आयात करना, देशी औद्योगिकी (तकनोलौजी) को विकसित करना, विदेशी सहयोग, अनुसन्धान और विकास के लिये प्रोत्साहन देना आदि थे। बैठक में दिये गये सुझाव सरकार की जानकारी में है और आवश्यक होने पर उपयुक्त कार्यवाही की जायेगी।

(ख) उद्योगों की केन्द्रीय सलाहकार परिषद की स्थायी समिति के गठन सम्बन्धी जानकारी देने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [**ग्रन्थालय में रख दिया गया। देखिये संख्या** LT—346/71]

मेरठ में एक आयकर अधिकरण बेंच की स्थापना

1529. **श्री रामचन्द्र विकल** : क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मेरठ में एक आयकर अधिकरण बेंच की स्थापना करने के बारे में मेरठ जिले के नागरिकों का एक प्रतिनिधि-मंडल उनको मिला था ; और

(ख) यदि हां, तो उनकी मांग पूरी करने के लिये केन्द्रीय सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री नीतिराज सिंह चौधरी) : (क) जी नहीं।

(ख) मेरठ में आयकर अपील अधिकरण की न्यायपीठ स्थापित करने का प्रश्न विचाराधीन है।

Thefts, Chain Pulling, etc. in Railways

1530. SHRI JYOTIRMOY BOSU :
SHRI SAROJ MUKHERJEE :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether the number of thefts in running trains, thefts of overhead wiring, stoppage of trains by alarm chain pulling and the number of occasions on which the Railway Protection Force had failed to save Railway properties, showed alarming increase in 1970-71 as compared to 1969-1970 ;

(b) if so, the total number of such instances category-wise during that period ;

(c) the estimated loss suffered by Government as a result thereof ; and

(d) the steps taken by Government to arrest the alarming increase in such incidents ?